# हाइब्रिड टमाटर बायो 1432 लॉन्च

नई दिल्ली। भारत की प्रमुख कंपनियों में से एक डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की एक इकाई श्रीराम बायोसीड जेनेटिक्स ने शिवपुरी, मध्य प्रदेश में उच्च उपज वाली किस्मे नई पीढ़ी वाली हाइब्रिड टमाटर बायो 1432 के लॉन्च की घोषणा की। बायो 1432 को हैदराबाद स्थित श्रीराम बायोसीड जेनेटिक्स बायोसीड रिसर्च एंड डेवलपमेंट विभाग द्वारा विकसित किया गया था। बायोसीड अनुसंधान नई तकनीक के साथ विशेष रूप से टमाटर, ओकरा भिंडी और हॉट पेपर तीखी मिर्च जैसी फसलों में सक्रिय रूप से काम कर रहा है, जहां किसान बायो 1432 जैसे उत्पादों द्वारा उच्च उपज के साथ लाभ प्राप्त करेंगे। इस उत्पाद की विशेषताओं में उच्च वायरस सहिष्णुता, फलों का उत्कृष्ट रंग और उच्च तापमान में भी एकरूपता तथा आकार प्रतिधारण क्षमता भी शामिल हैं, जो टमाटर उत्पादकों के लिए अनिवार्य आवश्यकता है। किसानों ने यह भी बताया कि वे बायो 1432 द्वारा मिली पैदावार से बेहद खुश थे।